-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **“मुस्कान अभियान” के तहत जनता के खोये हुए लगभग 12 लाख रुपये अनुमानित कीमत के कुल 61 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा **“मुस्कान अभियान”** के तहत जनता के खोये हुए मोबाइल के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय/समस्त थानों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर प्रभारी निरीक्षक साइबर सहित सभी थानों को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना व थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क की टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए जनता के खोए हुए विभिन्न कम्पनियों के लगभग 12 लाख रुपए अनुमानित कीमत के 61 एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया । जिसमें साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा 12 मोबाइल फोन, थाना तिन्दवारी द्वारा 10 मोबाइल फोन, कोतवाली नगर व बदौसा द्वारा 06-06 मोबाइल फोन, कोतवाली देहात, पैलानी व नरैनी द्वारा 04-04 मोबाइल फोन, थाना कमासिन, बिसण्डा, अतर्रा व फतेहगंज द्वारा 03-03 मोबाइल फोन, थाना जसपुरा, कालिंजर व चिल्ला द्वारा 01-01 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया । खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर सभी ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया ।

बरामदगीः-

➢ 61 अदद विभिन्न कम्पनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत 12 लाख रुपये)